# विज्ञापन का प्रारूप

छ0ग0 शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर के ज्ञापन क्रमांक 1832/2148/2016/16, दिनांक–26.06.2018 एवं वित्त विभाग के कम्प्यूटर क्रमांक कम्प्यूटर क्रमांक–एफ–2017–16–00235/ब–1/वित्त/चार, दिनांक–19.06.2018 तथा क्रमांक– 1983/2148/2016/16, दिनांक–12.07.2018 के द्वारा दी गई सहमति के अनुसार श्रमायुक्त संगठन के अन्तर्गत **स्टेनोग्राफर–3, स्टेनो टायपिस्ट, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर** एवं **सहायक ग्रेड–3** तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरने के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर के वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं।

**उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु संभावित कार्यक्रम निम्नानुसार है :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परीक्षा की तिथि | : | **30 सितम्बर 2018 (रविवार)** |
| 2. | परीक्षा का समय | : | |
| (i) | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड–3 भर्ती परीक्षा–2018 हेतु | : | पूर्वान्ह 9.00 बजे से 12:15 बजे तक |
| (i i) | शीघ्रलेखक (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी/अंग्रेजी) भर्ती परीक्षा–2018 हेतु | : | अपरान्ह 2.00 बजे से 5:15 बजे तक |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | : | **07.08.2018 (मंगलवार)** |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि | : | **04.09.2018 (मंगलवार), रात्रि 11:59 बजे तक** |
| 5. | परीक्षा केन्द्र : 05 संभागीय मुख्यालयों में | : | **अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर** |

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| क्र. | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स | रिक्त पदों की संख्या | सीधी भर्ती के रिक्त पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संवर्ग | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | विक. | योग |
| 1. | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 5200–20200+2400 (लेवल–6) | 05 | अ.ज.जा. | 3 | – | – | – | 03 |
| | | | | अ.जा. | 1 | – | – | – | 01 |
| | | | | अ.पि.व. | 1 | – | – | – | 01 |
| | | | | **योग** | **5** | **–** | **–** | **–** | **05** |
| 2. | सहायक ग्रेड–03 | 5200–20200+1900 (लेवल–4) | 11 | अ.ज.जा. | 6 | 2 | – | – | 08 |
| | | | | अ.जा. | 3 | – | – | – | 03 |
| | | | | **योग** | **9** | **2** | **–** | **–** | **11** |
| 3. | स्टेनोग्राफर–3 | 5200–20200+2800 (लेवल–7) | 01 | अ.ज.जा. | 1 | – | – | – | 01 |
| | | | | **योग** | **1** | **–** | **–** | **–** | **01** |
| 4. | स्टेनो टाईपिस्ट | 5200–20200+1900 (लेवल–4) | 01 | अ.ज.जा. | 1 | – | – | – | 01 |
| | | | | **योग** | **1** | **–** | **–** | **–** | **01** |

उप श्रमायुक्त (स्थापना)
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़
रायपुर

## (2) पदवार शैक्षणिक अर्हताएं –

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|
| 1. | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | (1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से त्रिवर्षीय डिप्लोमा।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अग्रेजी में डाटा एंट्री की 8000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| 2. | सहायक ग्रेड–3 | (1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र।<br>(3) कम्प्यूटर में हिन्दी टाईप लेखन में 5,000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| 3. | स्टेनोग्राफर–3 | (1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) मुद्रलेखन परिषद से :–<br>**(क) शीघ्रलेखक (हिन्दी) के लिए –**<br>हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)<br>**(ख) शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) के लिए –**<br>अंग्रेजी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)<br>**(ग) द्विभाषी–शीघ्रलेखक के लिए –**<br>ऊपर खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट अनुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)।<br>(3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एंट्री की 10,000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| 4. | स्टेनो टायपिस्ट | (1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) 60 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)<br>(3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एंट्री की 5,000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| टीप – | स्टेनोग्राफर–3, स्टेनो टायपिस्ट, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड–3 के पद नियुक्ति हेतु कम्प्यूटर विषय से संबंधित शैक्षणिक अर्हताओं के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक–एफ 9–1/2008/1/3, दिनांक–01.02.2013 एवं क्रमांक एफ 9–4/2015/1/3, दिनांक–23.01.2015 द्वारा निर्धारित की गई के अनुसार होगी। | |



उप श्रमायुक्त (स्थापना)
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़

**आयु सीमा –**

1. न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष ।

**यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के दायर रिट पिटि. क्र. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पारित किए जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगी।**

## नियम एवं शर्ते :–

(1) तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां छत्तीसगढ़ श्रम सेवा (अराजपत्रित) तृतीय श्रेणी भर्ती नियम, 2014 के अन्तर्गत की जायेगी।

(2) दिनांक 01.01.2018 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से कम नहीं होनी चाहिए एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी।

(3) आवेदक को छ0ग0 का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।

(4) चयनित उम्मीद्वारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जावेगा।

(5) आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है।

(6) महिलाओं को नियमानुसार हॉरिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे। वरन उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीद्वार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिए आरक्षित है।

(7) भूतपूर्व सैनिकों एवं विकलांगो को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा।

(8) उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीद्वारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(9) आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।

(10) आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरते। बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्मतिथि, श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन संबंधी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

(11) आवेदक को पद के लिये निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तो की पूर्ति करना आवश्यक है। आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीद्वारी समाप्त कर दी जावेगी।

(12) संबंधित पद के लिये वांछित शैक्षणिक अर्हता संबंधी मुल प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ के निवासी होने का प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**(13) व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमिति रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जायेगी।**

उप श्रमायुक्त (प्रशासन)
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़
रायपुर

**चयन प्रक्रिया :–**

विज्ञापित पदों हेतु आवेदित उम्मीदवारों की व्यापम द्वारा 200 अंको की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे। निगेटिव मार्किंग के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा। परीक्षा उपरान्त लिखित परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर श्रेणीवार एवं वर्गवार सहायक ग्रेड–3 एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु पांच गुना तथा स्टेनोग्राफर एवं स्टेनोटायपिस्ट पद हेतु दस गुना अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा। कम्प्यूटर दक्षता में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में विभाग के दिए गए प्राथमिकता क्रम के आधार पर व्यापम द्वारा विभाग आबंटित किया जावेगा। अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जावेगी।

परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापमं के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**श्रमायुक्त**
**छत्तीसगढ़, नया रायपुर**